# देशभर में आयोजन

*( पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जन्मशताब्दी वर्ष में देश के विभिन्न भागों में एकात्म मानवदर्शन पर व्याख्यानमाला, कार्यशाला, राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम )*

- 9-10 जनवरी, 2017- भोपाल में पोषण पर कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें मप्र की मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस, आईसीएआर के निदेशक श्री अनुपम मिश्रा एवं डीआरआई के प्रधान सचिव श्री अतुल जैन ने विचार रखे।
- 24 जनवरी 2017-मथुरा में डीआरआई और संकल्प द्वारा जीएलए विश्वविद्यालय में एकात्म मानवदर्शन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विवि के उप कुलपति प्रो. डी.एस. चौहान एवं डीआरआई के प्रधान सचिव श्री अतुल जैन ने विचार रखे।
- 27-28 जनवरी, 2017-जबलपुर में डीआरआई और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एकात्म मानवदर्शन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें गुजरात के महामहिम राज्यपाल श्री ओ.पी. कोहली, म.प्र. की महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने चर्चा में हिस्सा लिया। अगले दिन हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री कप्तान सिंह सोलंकी, मप्र सरकार के मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया ने विचार रखा।
- 11 फरवरी, 2017- ओड़िशा के कटक में एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर प्रज्ञा प्रवाह के सहयोग से व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यवक्ता भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री पी. मुरलीधर राव रहे।
- 12 फरवरी, 2017- ओड़िशा के भुवनेश्वर में एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर प्रज्ञा प्रवाह के सहयोग से व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यवक्ता केवीआईसी पूर्व अध्यक्ष डा. महेश शर्मा रहे।
- 5 मार्च, 2017- राजस्थान के भीलवाड़ा में एकात्म मानवदर्शन पर व्याख्यान हुआ, जिसमें प्रमुख वक्ता श्री मुकुंद बिहारी रहे।
- 23 मार्च, 2017- नागपुर में जीवन दर्शन कार्यक्रम के तहत संगीतमय आयोजन हुआ।
- 30 मार्च, 2017- ओड़िशा के राउरकेला में एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर प्रज्ञा प्रवाह एवं एनआईटी के सहयोग से व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद श्री तरुण विजय रहे।
- 14 अप्रैल, 2017-महाराष्ट्र के बीड जिले के अंबाजोगाई में एकात्म मानवदर्शन एवं विज्ञान विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्यवक्ता डीआरआई के प्रधान सचिव श्री अतुल जैन एवं विधायक श्रीमती संगीताजी थोम्ब्रे ने विचार रखे।
- 8 जून, 2017-चंडीगढ़ राजभवन में एकात्म मानवदर्शन पर व्याख्यान का आयोजन हुआ, जिसमें हरियाणा के राज्यपाल माननीय कप्तान सिंह सोलंकी और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल मुख्यवक्ता रहे।
- 12 जून, 2017-राजस्थान सीकर के हरदयालपुर में एकात्म मानवदर्शन व्याख्यान में परंपरागत व्यवसाय विषय पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्यवक्ता डीआरआई के प्रधान सचिव श्री अतुल जैन एवं जोर की ढाणी संस्थान के श्री कान सिंह निर्वाण रहे।
- 27 जून, 2017- होशंगाबाद (मप्र) में एकात्म मानवदर्शन व्याख्यान में पंडित दीनदयालजी के दर्शन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें मुख्यवक्ता मप्र सरकार की मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस और डीआरआई के संगठन सचिव श्री अभय महाजन रहे।
- 5 जुलाई, 2017-राजस्थान के बाड़मेर में एकात्म मानवदर्शन व्याख्यान पर पारंपरिक ज्ञान विषय पर